दैनिक नवज्योति
dainiknavajyoti.com

शहर को स्वच्छ बनाने के लिए वार्ड प्रभारियों व सफाई निरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

नवज्योति/जोधपुर।

निगम के सभागार में नगर निगम एवं अरबन मैनेजमेंट सेंटर अहमदाबाद के संयुक्त सहयोग से मुख्य सफाई निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षकों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। महापौर घनश्याम ओझा एवं आयुक्त सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पहले दिन 1 से 33 वार्ड एवं दूसरे दिन 34 से 65 वार्ड के मुख्य सफाई निरीक्षकों एवं सफाई निरीक्षकों ने भाग लिया। महापौर ओझा एवं आयुक्त ओला ने सभी सफाई निरीक्षकों को स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए प्रेरित करते हुए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में निगम की रैंकिंग मे सुधार लाने के प्रयास में तेजी लाने को कहा। कार्यशाला में अरबन मैनेजमेंट सेंटर के अरविंदसिंह सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, पूनम कुलश्रेष्ठ स्टेट प्रोग्राम कोर्डिनेटर, नीलेश प्रजापति व नेहा सिंह प्रोजेक्ट एसोसिएट ने पीपीटी एवं शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से उपस्थित सहभागियों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने से संबंधित जानकारी दी।

कई तरह के दिए सुझाव

शहर को सुंदर बनाने के लिए क्या-क्या प्रयास किया जा सकते है, इसको लेकर सुझाव दिए। जिसमें कचरे के प्रकार, घर-घर से कचरा कलेक्शन एवं विभाजन, सेग्रिगेटेड कचरे का कलेक्शन, उसका परिवहन, निस्तारण एवं ट्रीटमेंट, प्लास्टिक वेस्ट, सड़कों की सफाई, जैविक कचरे व अजैविक कचरे को अलग-अलग करना तथा जैविक कचरे से पुन उपयोग किए जाने वाले कचरे को भी अलग किए जाने की महत्ता समझाई।

स्वच्छता एप लोड करने की सलाह

कार्यशाला में स्वच्छता एप को अधिक से अधिक अपलोड करवाने व उपयोग करने की सीख दी। एप पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण करने व निस्तारण के बाद उसे फिर से अपलोड करने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में जनवरी 2020 में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान जोधपुर नगर निगम के प्रदर्शन में सुधार के पैरामीटर के साथ साथ अन्य बेस्ट प्रेक्टिस शहर जैसे इंदौर, औरंगाबाद, अम्बिकापुर, पुणे व अहमदाबाद पर बनी वीडियो फिल्म दिखाई गई। अरबन मैनेजमेंट सेंटर के अरविंद सिंह व पूनम कुलश्रेष्ठ ने कार्यशाला के प्रारम्भ में स्वच्छता से संबंधित वर्तमान प्रेक्टिस पर सहभागियों के साथ विस्तार से बात करते हुए कार्यशाला की शुरुआत की।